Dainik Jagran

Date: 3/12/17

Page No. VI

दंत चिकित्सा पर दी छात्रों को जानकारी

जासं, गाजियाबाद : मुरादनगर स्थित आइटीएस डेंटल कालेज में शनिवार को नेशनल कांफ्रेंस के दूसरे दिन दंत चिकित्सकों ने अपने अनुभव छात्रों के साथ साझा किए। विशेषज्ञों ने बताया कि दंत चिकित्सा लगभग 5000 वर्ष पुरानी है। मालमो यूनिवर्सिटी स्वीडन के आए डा. थॉमस लीस्ट ने दांतों के जबड़े के जोड़ की बीमारियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि 20 से लेकर 40 वर्ष आयु तक के व्यक्तियों में यह बीमारी हो सकती है और इसके कारण सिर दर्द तथा माइग्रेन जैसी बीमारियां हो सकती हैं। डा. अमर शोलापुरकर ने बताया कि डेंटल रेडियोग्राफ एक नया महत्वपूर्ण डाइग्नोसिस यंत्र है, जिसके द्वारा सभी दंत बीमारियों का पता कर आधुनिक तरीके से इलाज किया जा सकता है। डा. फ्रेनी कारजोदकर ने बताया कि दंत बीमारियों की जानकारी के अभाव में मुंह के कैंसर जैसी बीमारियां भी हो सकती है। अन्य वक्ताओं में डा. सुनीता गुप्ता, डा. श्रीराम राजन ने दंत चिकित्सा पर विचार रखे। कांफ्रेंस में लगभग 600 दंत चिकित्सकों ने पेपर प्रजेंटेशन तथा पोस्टर प्रस्तुत किए। इसमें रूस तथा स्वीडन के छात्रों ने भी भाग लिया।

आइटीएस कालेज में आयोजित नेशनल सेमिनार में विचार रखते वक्ता • जागरण

Nav Bharat Times

Date: 4/12/17

Page No. 02 (GZB)

विजेताओं का किया सम्मान

■ एनबीटी न्यूज, मेरठ रोड : आईटीएस डेंटल कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय नैशनल कॉन्फ्रेंस के तीसरे व अंतिम दिन पीजी विद्यार्थियों और शिक्षकों के पेपर प्रजेंटेशन का सिलसिला चला। साथ ही विभिन्न साइंटिफिक सेशन के विजेताओं को स्मृति चिह्न और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। डॉ. श्रीराम राजन ने ओरल व मैक्सिलोफेशियल की एमआरआई संबंधी जानकारी दी। डॉ. बाबू मैथ्यू ने पिछले तीन दशकों मे तंबाकू नियंत्रण और भारत में कैंसर के बारे में बताया। आईटीएस ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से विद्यार्थियों व शिक्षकों को ही नहीं दंत चिकित्सकों को भी दंत चिकित्सा के क्षेत्र में आने वाली नई-नई तकनीक का पता चलता है। डॉ. उपासना सेठी आहूजा ने डेलिगेट्स का स्वागत किया।

Dainik Jagran

Date: 4/12/17

Page No. II (GZB)

छात्रों को किया प्रोत्साहित

गाजियाबाद : मुरादनगर के आइटीएस डेंटल कालेज में आयोजित नेशनल कांफ्रेंस का रविवार को समापन हो गया। डा. श्रीराम राजन और डा. बाबू मैथ्यू ने दंत चिकित्सा संबंधी व्याख्यान दिय । डा. बाबू मैथ्यू ने पिछले तीन दशकों में तंबाकू नियंत्रण और भारत में मुख के कैंसर पर छात्रों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने ओरल मेडिसिन का तंबाकू का सेवन खत्म करने के लिए दंत चिकित्सकों की भूमिका के महत्व को समझाया। डा. उपासना सेठी अहुजा ने विभिन्न देशों से आए प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में अलग- अलग सेशन के विजेताओं को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

Dainik Jagran

Date: 2/12/17

Page No. VII

तीन दिन तक देशी-विदेशी विशेषज्ञ करेंगे ओरल कैंसर पर चर्चा

जागरण संवाददाता, गाजियाबाद : मुंह में होने वाली गंभीर बीमारियों, तंबाकू से होने वाले कैंसर और आधुनिक इलाज को लेकर आईटीएस डेंटल कालेज मुरादनगर में तीन दिन तक देशी-विदेशी करीब 600 डेलीगेट्स अपने अनुभव साझा करेंगे।

शुक्रवार को कार्यक्रम का शुभारंभ एडिशनल चीफ सेक्रेटरी एवं पूर्व गृह सचिव व गेस्ट ऑफ ऑनर डा. सब्यासाची साहा व आईटीएस ग्रुप के चेयरमैन डा. आरपी चड्ढा, डेंटल कांउसिल ऑफ इंडिया व आइएओएमआर के अध्यक्ष डा. एन गनाना सुंदरम ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्या डा. देवी चरण शेट्टी एवं डा. विनोद सचदेव ने बताया कि रशिया, जर्मनी, कनाडा व देश के विभिन्न हिस्सों से आए डेलीगेट्स मुंह संबंधित इलाज की नई व्यवस्था के बारे में चर्चा करेंगे। प्रजेंटेशन के लिए छात्रों ने साइंटिफिक पेपर व पोस्टर प्रजेंटेशन पेश किया। कार्यक्रम का प्रंजेटेशन स्वस्थ मुख स्वस्थ भारत के रूप में किया जा रहा है।

Nav Bharat Times

Date: 2/12/2017

Page No. 04

ITS में नैशनल कॉन्फ्रेंस शुरू

■ एनबीटी न्यूज, मेरठ रोड: आईटीएस डेंटल कॉलेज में 29वीं नैशनल कॉन्फ्रेंस शुक्रवार से शुरू हो गई। इसमें देश के कई शहरों से शिक्षाविद, चिकित्सक व शोधकर्ता भाग ले रहे हैं। कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन मुख्य अतिथि महाराष्ट्र सरकार के पूर्व होम सेक्रेटरी एवं अडिशनल चीफ सेक्रेटरी अमिताभ रंजन, विशिष्ट अतिथि डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया के सेक्रेटरी डॉ. सब्यासाची साहा और आईटीएस द एजेकुशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा ने किया। सुरेंद्र सूद ने बताया कि तीन दिवसीय कॉन्फ्रेंस में 600 छात्र-छात्राओं के रिसर्च पेपर और पोस्टर प्रेजेंटेशन होगी।

Amar Ujala

Date: 2/12/2017

Page No. 06

नवीन तकनीक और शोध की दी जानकारी

मुरादनगर। आईटीएस डेंटल कॉलेज में शुक्रवार को 29वीं नेशनल आईएओएमआर कॉफ्रेंस का शुभारंभ हुआ। इसमें देशभर से करीब 800 डेलिगेट्स ने भाग लिया। शुभारंभ आईटीएस द एजूकेशन गुरू के चेयरमैन डा. आरपी चड्ढा, आईएएस फार्मर होम सेक्रेट्री डा. अमिताभ राजन, डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया सेक्रेट्री डा. सब्यासाची साहा, आईएओएमआर के प्रेसीडेंट डा. एन गनानासुंदरम, डा. ऐ रवि किरण, डा. विनोद सचदेव, डा. देवीचरण शेट्टी ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर किया। डा. एन गनानासुंदरम ने टीएमजे विषय के बारे में बताया। संस्थान के चेयरमैन डा. आरपी चड्ढा ने मुख्य अतिथि एवं गेस्ट ऑफ ऑनर को स्मरन चिन्ह देकर सम्मानित किया। डा. मनु ढिल्लन ने समारोह में उपस्थित प्रतिनिधियों, वक्ताओं का आभार जताया। ब्यूरो

Amar Ujala

Date: 6/12/17

Page No. 06

विशेषज्ञों ने दी दंत रोगों की नई जानकारी

गाजियाबाद। मुरादनगर स्थित आईटीएस डेंटल कालेज में आयोजित 29वीं नेशनल आईएओएमआर कांफ्रेंस-2017 के तीसरे दिन पीजी विद्यार्थियों और अध्यापकों ने पेपर प्रजेंट किए। डॉ. राजन ने ओरल तथा मैक्सिलोफेशियल क्षेत्र के एमआरआई और रोगों के निदान की जानकारी दी। डॉ. मैथ्यू ने तंबाकू का सेवन खत्म करने के लिए दंत चिकित्सकों की भूमिका के महत्व को समझाया। इस मौके पर डॉ. उपासना सेठी आहुजा ने डेलीगेट्स का स्वागत किया। इसके बाद आईएओएमआर के नव निर्वाचित प्रेसिडेंट के शपथ समारोह का आयोजन हुआ। उन्होंने अर्पित चड्ढा, वाइस चेयरमैन, आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप को कांफ्रेंस कराने के लिए बधाई दी। विदाई समारोह के दौरान विभिन्न साइंटिफिक सेशन के विजेताओं को स्मृति चिह्न और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। ब्यूरो